उत्तराखण्ड वन्यजीव हेल्पलाइन नं0 18008909715

RAJAJI TIGER RESERVE · CORBETT · GANGOTRI NATIONAL PARK · nandadevi biosphere reserve

# कार्यालय प्रमुख वन संरक्षक (वन्यजीव)/मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक, उत्तराखण्ड।

85 राजपुर रोड, देहरादून, फोन नं० 0135–2742884 फैक्स न० 0135–2745691 ईमेल–cwlwua@yahoo.co.in

पत्रांक 86 / 12-1 देहरादून     दिनांक 7/ जुलाई, 2025

25/7/25
व0 प्रा0

सेवा में,

वन संरक्षक,
पश्चिमी वृत्त, हल्द्वानी।

विषयः– जनपद नैनीताल के अन्तर्गत हल्द्वानी में भारतीय स्टेट बैंक के प्रशासनिक कार्यालय भवन निर्माण हेतु 0.402 है0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यो हेतु भारतीय स्टेट बैंक को दिये जाने हेतु एक ''वन्यजीव शमन योजना'' के सम्बन्ध में। प्र0सं0 **FP/UK/Others/28642/2017.**

सन्दर्भः– आपका पत्रांक–2252/12–1 दिनांक 12.06.2025

महोदय,

उपरोक्त सन्दर्भित पत्र के साथ विषयगत परियोजना हेतु उपलब्ध कराये गये वन्यजीव शमन योजना (रू0–12.20 लाख) जो इस कार्यालय को प्राप्त हुआ है, की प्रतियां हस्ताक्षरित कर इस आशय से प्रेषित कि उक्त कार्य हेतु सम्बन्धितों को यथोचित दिशा–निर्देश निर्गत करना सुनिश्चित करें ताकि कार्य शासनादेशों एवं प्रचलित नियमों की परिधि के अन्तर्गत ही किया जा सके।

सलंग्नः–यथोपरि।

हल्द्वानी वन प्रभाग
पत्रावली संख्या 12–1
क्रम सं० 457
पंजीकृत सं०
दिनांक 25-7-2025

भवदीय

(आर0के0 मिश्र)
प्रमुख वन संरक्षक (वन्यजीव)/
मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक,
उत्तराखण्ड।

पत्रांक / दिनांकित।

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण, उत्तराखण्ड।
2. प्रभागीय वनाधिकारी, हल्द्वानी वन प्रभाग, हल्द्वानी।

(आर0के0 मिश्र)
प्रमुख वन संरक्षक (वन्यजीव)/
मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक,
उत्तराखण्ड।
1/7/2025

# कार्यालय वन संरक्षक, पश्चिमी वृत्त, उत्तराखण्ड, हल्द्वानी (नैनीताल)

अरण्य भवन, रामपुर रोड, हल्द्वानी (नैनीताल) दूरभाष/फैक्स: 05946–220003, ई–मेल: cfwkum-forest-uk@nic.in


पत्रांक: 111 / 12-1 हल्द्वानी, दिनांक, 21 जुलाई 2025.

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी,
हल्द्वानी वन प्रभाग,
हल्द्वानी।

23/7/25

विषय: जनपद नैनीताल के अन्तर्गत हल्द्वानी में भारतीय स्टेट बैंक के प्रशासनिक कार्यालय भवन निर्माण हेतु 0.402 है0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यो हेतु भारतीय स्टेट बैंक को दिये जाने हेतु एक "वन्यजीव शमन योजना" के सम्बन्ध में।

संदर्भ: प्रमुख वन संरक्षक (वन्यजीव)/मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक, उत्तराखण्ड, देहरादून का पत्रांक 86/12–1 दिनांक 07.07.2025।

महोदय,

संदर्भित पत्र के माध्यम से प्रमुख वन संरक्षक (वन्यजीव)/मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक, उत्तराखण्ड, देहरादून द्वारा जनपद नैनीताल के अन्तर्गत हल्द्वानी में भारतीय स्टेट बैंक के प्रशासनिक कार्यालय भवन निर्माण हेतु 0.402 है0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यो हेतु भारतीय स्टेट बैंक को दिये जाने हेतु "वन्यजीव शमन योजना" प्रतिहस्ताक्षरित कर प्रेषित की गयी है। अतः प्रमुख वन संरक्षक (वन्यजीव)/मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक, उत्तराखण्ड, देहरादून द्वारा प्रेषित हस्ताक्षरित प्रति संलग्न कर नियमानुसार अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु प्रेषित की जा रही है।

(संलग्नः उपरोक्तानुसार।)


हल्द्वानी वन प्रभाग
पत्रावली संख्या 12-1
क्रम सं० 431
पंजीकृत सं० 23/7/2025
दिनांक

भवदीय,

(डा0 विनय भार्गव)
वन संरक्षक,
पश्चिमी वृत्त, उत्तराखण्ड, हल्द्वानी।

# "वन्यजीव शमन योजना"

# "WILDLIFE MITIGATION PLAN"



उत्तराखण्ड
वन विभाग

## हल्द्वानी वन प्रभाग, हल्द्वानी

# "वन्यजीव शमन योजना"

# "WILDLIFE MITIGATION PLAN"

**वन भूमि हस्तान्तरण परियोजना का नाम :– जनपद नैनीताल के अन्तर्गत हल्द्वानी में भारतीय स्टेट बैंक के प्रशासनिक कार्यालय के भवन निर्माण हेतु 0.402 है0 वन भूमि का भारतीय स्टेट बैंक को हस्तांतरण किये जाने के सम्बन्ध में वन भूमि हस्तांतरण प्रस्ताव।**



उत्तराखण्ड

वन विभाग

## हल्द्वानी वन प्रभाग, हल्द्वानी

**परियोजना अभिकरणः–** भारतीय स्टेट बैंक, प्रशासनिक कार्यालय, हल्द्वानी (नैनीताल) उत्तराखण्ड़।

**कार्यदायी संस्था :–** भारतीय स्टेट बैंक, प्रशासनिक कार्यालय, हल्द्वानी (नैनीताल) उत्तराखण्ड़।

# प्रस्तावना

हल्द्वानी वन प्रभाग, हल्द्वानी, में जनपद नैनीताल के अन्तर्गत भारतीय स्टेट बैंक के प्रशासनिक कार्यालय के भवन निर्माण हेतु 0.402 है0 वन भूमि का भारतीय स्टेट बैंक को हस्तांतरण किये जाने के सम्बन्ध में वन भूमि हस्तांतरण प्रस्ताव प्रेषित किया गया है।

उपरोक्त परियोजना इस वन प्रभाग की छकाता राजि अन्र्तगत सुल्ताननगरी ब्लाक में **0.402 है0** आरक्षित वन भूमि चयनित की गई है। प्रस्तावित भारतीय स्टेट बैंक के प्रशासनिक कार्यालय के भवन निर्माण के दोनों तरफ आरक्षित वन क्षेत्र है। मुख्य वन संरक्षक, अनुश्रवण, मुल्यांकन, आई0टी0 एवं आधुनिकीकरण, उत्तराखण्ड, देहरादून के कार्यालय के पत्रांक दिनांक 03.02.2025 के अनुसार प्रस्तावित क्षेत्र के नंधौर वन्यजीव अभ्यारण्य की निकटतम सीमा से तथा नंधौर वन्यजीव अभ्यारण्य के ईकों संवेदी जोन के निकटतम सीमा से हवाई दूरी क्रमशः **14.60** कि0मी0 एवं **224** मी0 है।

हल्द्वानी वन प्रभाग, हल्द्वानी जनपद नैनीताल एवं चम्पावत में लगभग 64 कि0मी0 लम्बी पट्‌टी के रूप में स्थित है। हल्द्वानी वन प्रभाग की प्राकृतिक महत्ता वन्य जीवों की दृष्टि से अधिक है। क्षेत्र की महत्ता के कारण प्रभाग के वन्य जीवों की दृष्टि से महत्वपूर्ण क्षेत्रों को वर्ष 2012 में नंधौर वन्य जीव अभ्यारण्य घोषित किया गया। **हल्द्वानी वन प्रभाग, हल्द्वानी का सम्पूर्ण क्षेत्र वन एवं पर्यावरण अनुभाग–2, उत्तराखण्ड शासन के अधिसूचना सं0–1777/1(2)/F.R.D/2002–19(9)/2002, दिनांक 28.10.2002 के अनुसार शिवालिक हाथी रिजर्व में स्थित है।** इस प्रभाग में वन्य जीवों का अवागमन पूर्व दिशा में नेपाल, पश्चिम में रामनगर वन प्रभाग एवं दक्षिण में तराई पूर्वी वन प्रभाग से होता है। वर्तमान में पूर्व व पश्चिम के स्थापित वन्य जीव गलियारें बाधित हुए है, जिसका मुख्य कारण वन क्षेत्रों में अतिक्रमण, आबादी की वृद्धि एवं वन भूमि हस्तांतरण है।

हल्द्वानी वन प्रभाग एक वन्यजीव बाहुल्य क्षेत्र है, जहां बाघ, गुलदार, हाथी, भालू, अनेकों मृग प्रजातियां पायी जाती हैं। उक्त प्रस्तावित क्षेत्र के आरक्षित वन क्षेत्र में निम्न श्रेणी के वन्य जीव जन्तु मुख्यतः पाये जाते है:–

- Mammalia (स्तन पोषी):- बंदर, लंगूर, तेन्दुआ या गुलदार, बिज्जू, उदबिलाव, नील गाय, चीतल, कांकड, पाड़ा, सांभर, जंगली सूअर, सियार,हाथी इत्यादि।





- Aves (पक्षी):– शाह, पीलक, छपका, अवकली मैना, स्टोर्क्स, कटफोरा, करछिया बगुला, चील या बाज, सुर्खिया बगुला इत्यादि।
- Reptilla (सरीसृप):– अजगर, धामन, करायत, नाग, नाग राज, करैत इत्यादि।





Photo 1: Map of Haldwani Forest Divison

## शिवालिक हाथी रिजर्व के प्रभागीय हिस्से की समस्यायें:–

सामन्यतया हाथियों का आवागमन रामनगर वन प्रभाग की ओर से तराई केन्द्रीय एवं तराई पूर्वी के वन क्षेत्रों से होते हुए प्रभाग अन्तर्गत टनकपुर के वन क्षेत्रों की ओर होता है। रामनगर से टनकपुर तक वन क्षेत्र हाथियों का नैसर्गिक वास सलि है किन्तु वर्तमान में यह मार्ग बिन्दुखत्ता के कारण अवरूद्व हो गया है।

विगत कुछ वर्षो से हाथियों का कोरिडोर एवं अन्य वन्यजीवों का इस हिस्से में स्वच्छन्द विचरण निम्न कारणों से बाधित हुआ है।

(1) नैसर्गिक वास स्थल की निरन्तरता न रह पाना:– अत्याधिक सड़कों के निर्माण एवं उन पर वाहनों के अत्याधिक आवागमन से हाथियों एवं अन्य वन्यजीवों के वास स्थल में निरन्तरता नही रह पायी है। इसी के साथ–साथ प्रभाग के पश्चिमी भाग में तराई पूर्वी वन प्रभाग, से

मिले हुए भू–भाग में बिन्दुखत्ता, मोटाहल्दू, हल्दूचौड़ एवं लालकुआं आदि स्थानों में आबादी के अत्याधिक बढ़ जाने से हाथियों का कोरिडोर में निर्वाध आवागमन सम्भव नहीं हो पा रहा है।

(2) <u>चारा एवं जल उपलब्धता में कमी:–</u> भावर क्षेत्रों में प्राकृतिक जल स्त्रोत, नदी/नालों में वर्ष के कुछ महीनों तक ही पानी की उपलब्धता रह पाने के कारण हाथियों एवं अन्य वन्यजीवों हेतु जल उपलब्धता तथा अत्याधिक जैविक दबाव के कारण वनों के मध्य वितान में वनस्पतियों की कमी से हाथियों हेतु चारा उपलब्धता में अत्याधिक कमी आयी है जिससे हाथी एवं अन्य वन्यजीव कृषि खेतों की तरफ आकर्षित हो रहे है।

(3) <u>मानव हाथी संघर्ष:–</u> वन क्षेत्रों में चारे की उपलब्धता में कमी होने से एवं एलीफेण्ट कोरीडोर के खंडन होने से हाथी चारे हेतु कृषि भूमि की ओर आने के लिये बाध्य होते हैं। विगत विर्षों में जंगली हाथियों द्वारा ग्रामिणों की फसलों को नुकसान पहुचाने की घटनायें लगातार प्रकाश में आयी है। हल्द्वानी वन प्रभाग के अधिकतर क्षेत्र वर्षात में नदियों में बाढ़ आ जाने के कारण 5 से 6 माह तक के लिए आवागमन हेतु कटा रहता है। हाथियों का यह प्राकृतिक आवास भी सुरक्षित नहीं हैं। वन्यजीवों से स्थानीय लोगों की कृषि भूमि को होने वाले नुकसान से जन सामान्य का झुकाव वन्यजीव संरक्षण पर न होकर उन्हें क्षति पंहुचाने में हो सकता है।

उक्त प्रस्तावित क्षेत्र आरक्षित वन क्षेत्र है, छकाता राजि शिवालिक एलिफेण्ट रिजर्व का हिस्सा होने के कारण वन्यजीव बाहूल्य क्षेत्र है। विगत दस वर्षो में हल्द्वानी वन प्रभाग के छकाता राजि अन्तर्गत मानव वन्यजीव संघर्ष के प्रकरणों का सारांश निम्न तालिकानुसार है–

| क्र0सं0 | वर्ष | मानव मृतकों की संख्या | मानव घायलों की संख्या | पशु क्षति | फसल क्षति | मकान क्षति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2014–15 | – | – | 24 | – | – |
| 2 | 2015–16 | – | – | 16 | 7 | – |
| 3 | 2016–17 | – | – | 15 | – | – |
| 4 | 2017–18 | 1 | 1 | 2 | 65 | – |
| 5 | 2018–19 | – | 1 | 1 | 16 | – |
| 6 | 2019–20 | 1 | 1 | 4 | – | – |
| 7 | 2020–21 | 1 | – | 10 | 8 | – |
| 8 | 2021–22 | – | 2 | 10 | 5 | – |
| 9 | 2022–23 | – | 1 | 15 | 18 | – |
| 10 | 2023–24 | – | 2 | 6 | – | – |
| कुल | | 03 | 08 | 103 | 119 | – |

**Table 1: Human-Wildlife Conflicts cases occurred in last 10 years in Chhakaata Range, Haldwani Forest Division**





**Photo 2:** Yearwise details of humane death -injury cases (2014-15 to 2023-24) in Chhakaata Range, Haldwani Forest Division.





**Photo 3:** Yearwise details of livestock death and crop damage (2014-15 to 2023-24) in Chhakaata Range, Haldwani Forest Division.

## वन्यजीव शमन योजना के अन्तर्गत प्रस्तावित प्रावधानों हेतु व्यय का विवरण

| क्र0सं0 | कार्य विवरण | धनराशि |
|---|---|---|
| 1 | आसपास के वन क्षेत्रों/अबादी क्षेत्र में सोलर लाईट्स लगाने तथा हाथियों से सुरक्षात्मक कार्य। | 2,50,000.00 |
| 2 | प्रभावित होने वाले/मानव वन्यजीव संघर्ष में सम्मिलित गुलदारो/बाघों को पकड़ने हेतु पिजरों का क्रय। | 1,00,000.00 |
| 3 | क्यू0आर0टी0 हेतु वाईल्ड लाईफ रैस्क्यू वाहन का किराया। | 2,50,000.00 |
| 4 | आस–पास के क्षेत्रों में मानव वन्य जीव संघर्ष कम करने हेतु चेतावनी बोर्ड/साईनेज लगाने का व्यय। | 1,00,000.00 |
| 5 | मानव वन्यजीव संघर्ष कम करने हेतु आसपास के क्षेत्रों में जागरूकता अभियान हेतु व्यय। | 50,000.00 |
| 6 | गश्ती दल हेतु रैस्क्यू तथा जी0पी0एस0 एवं कैमरा ट्रैप आदि उपकरण क्रय करना । | 2,50,000.00 |
| 7 | वन्यजीवों हेतु वाटर होल निर्माण कार्य | 2,20,000.00 |
| | योग<br>(रूपया : बारह लाख बीस हजार मात्र ) | 12,20,000.00 |

वन क्षेत्राधिकारी,
छकाता राजि,
हल्द्वानी वन प्रभाग, हल्द्वानी।

उप प्रभागीय वनाधिकारी,
नंधौर उप वन प्रभाग,
हल्द्वानी।

प्रभागीय वनाधिकारी,
हल्द्वानी वन प्रभाग,
हल्द्वानी।

प्रमुख वन संरक्षक (वन्य जीव)
मुख्य वन्य जीव प्रतिपालक
उत्तराखण्ड

वन संरक्षक,
पश्चिमी वृत्त, उत्तराखण्ड
हल्द्वानी

# संवेदनशील बिंदुओं के जी पी एस निर्देशांक

| S. No | Range Name | Wildlife Crossing point at State Highway 5 | G.P.S. Coordinate | |
|---|---|---|---|---|
| | | | Latitude | Longitude |
| 1 | Chakata | point 1 | 29°15'43.35"N | 79°33'7.10"E |
| 2 | Chakata | point 2 | 29°15'41.58"N | 79°33'8.01"E |
| 3 | Chakata | point 3 | 29°15'44.00"N | 79°33'12.04"E |

वन क्षेत्राधिकारी
छकाता वन क्षेत्र
हल्द्वानी वन प्रभाग, हल्द्वानी

उप प्रभागीय वनाधिकारी
नन्धौर उप वन प्रभाग
नन्धौर, हल्द्वानी

प्रभागीय वनाधिकारी
हल्द्वानी वन प्रभाग
हल्द्वानी

वन संरक्षक,
पश्चिमी वृत्त, उत्तराखण्ड
हल्द्वानी

## Google earth image of sensitive points near the project site




वन क्षेत्राधिकारी
छकाता वन क्षेत्र
हल्द्वानी वन प्रभाग, हल्द्वानी


उप प्रभागीय वनाधिकारी
नन्धौर उप वन प्रभाग
नन्धौर, हल्द्वानी

प्रभागीय वनाधिकारी
हल्द्वानी वन प्रभाग
हल्द्वानी

वन संरक्षक,
पश्चिमी वृत्त, उत्तराखण्ड
हल्द्वानी

युगल मानचित्र

# प्रस्तावित स्टेट बैंक के प्रशासनिक कार्यालय के भवन निर्माण का गूगल मानचित्र





हल्द्वानी

वन क्षेत्राधिकारी
छकाता वन क्षेत्र
हल्द्वानी वन प्रभाग, हल्द्वानी

उप प्रभागीय वनाधिकारी
नन्धौर उप वन प्रभाग
नन्धौर, हल्द्वानी

प्रभागीय वनाधिकारी
हल्द्वानी वन प्रभाग
हल्द्वानी

# Distance B/W Proposed Site and ESZ







वन क्षेत्राधिकारी
छकाता वन क्षेत्र
हल्द्वानी वन प्रभाग, हल्द्वानी

पश्चिमी वृत्त, उत्तराखण्ड
हल्द्वानी

उप प्रभागीय वनाधिकारी
नन्धौर उप वन प्रभाग
नन्धौर, हल्द्वानी

प्रभागीय वनाधिकारी
हल्द्वानी वन प्रभाग
हल्द्वानी

# Distance B/W Proposed Site and NWLS




वन क्षेत्राधिकारी
छकाता वन क्षेत्र
हल्द्वानी वन प्रभाग, हल्द्वानी

उप प्रभागीय वनाधिकारी
नन्धौर उप वन प्रभाग
नन्धौर, हल्द्वानी

प्रभागीय वनाधिकारी
हल्द्वानी वन प्रभाग
हल्द्वानी

वन संरक्षक,
पश्चिमी वृत्त, उत्तराखण्ड
हल्द्वानी

# Distance Certificate from NWLS and ESZ



कार्यालय "उत्तराखण्ड वन–सदैव आपके संग"

मुख्य वन संरक्षक, अनुश्रवण,मूल्यांकन,आई0टी0 एवं आधुनिकीकरण।

वन भवन, 85/87, राजपुर रोड़, उत्तराखण्ड, देहरादून।

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी
हल्द्वानी वन प्रभाग, हल्द्वानी।

**विषय :–** जनपद नैनीताल के अंतर्गत हल्द्वानी में भारतीय स्टेट बैंक के प्रशासनिक कार्यालय के भवन निर्माण हेतु 0.402 है0 वनभूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु भारतीय स्टेट बैंक को दिए जाने के सम्बन्ध में।

**सन्दर्भ :–** आपका पत्रांक 1609/12–1, दिनांक 17–01–2025 एवं इस कार्यालय का पत्रांक I/146761/2025 दिनांक 27.01.2025।

महोदय,

उपरोक्त सन्दर्भित पत्र के क्रम में जनपद नैनीताल के अंतर्गत हल्द्वानी में भारतीय स्टेट बैंक के प्रशासनिक कार्यालय के भवन निर्माण हेतु चयनित स्थल की दी गई केएमएल फाइल के जीपीएस प्वाइंट से निकटतम हवाई दूरी निम्नवत आंकलित की गई है:–

| क्र0सं0 | वन्यजीव अभ्यारण्य/राष्ट्रीय पार्क/आरक्षित वन क्षेत्र | हवाई दूरी | चयनित स्थल की आपके द्वारा दी गई केएमएल फाइल के जीपीएस प्वाइंट |
|---|---|---|---|
| 1 | हल्द्वानी वन प्रभाग के छकाता रेंज के सुल्ताननगरी आरक्षित वन क्षेत्र | के अंदर पड़ रहा है | – |
| 2 | नधौर वन्यजीव अभ्यारण्य की निकटतम सीमा से | 14.6 किमी0 | 79°33'11.5"E, 29°15'43.9"N |
| 3 | नधौर ईको सेंसिटिव जोन की निकटतम सीमा से | 224 मी0 | 79°33'11.5"E, 29°15'43.9"N |

उपरोक्तानुसार हवाई दूरी दी गयी केएमएल के अनुसार जी0आई0एस0 तकनीकी से 1:50000 स्केल पर आधारित डिजिटाइज्ड मानचित्र से सन्निकट आंकलित की गयी है। जिसमें ± 0.5 कि0मी0 का एरर सम्भव है।

भवदीय

Signed by
Rahul
Date: 0[illegible]2-2025 19:15:50

(राहुल)
मुख्य वन संरक्षक



